प्रेस विज्ञप्ति

जमाअत इस्लामी हिन्द के प्रमुख रहनुमा डॉ मोहम्मद रफत का निधन

नई दिल्ली, 09 जनवरी। जमाअत इस्लामी हिन्द के वरिष्ठ और प्रमुख रहनुमा डॉ मोहम्मद रफत का कल रात अश-शिफा अस्पताल में 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। डॉ रफत हाल ही में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के एप्पलाइड साइंस और ह्युमिनिटीज़ विभाग में बतौर प्रोफेसर सेवानिवृत्त हुए थे। वह सोलह वर्षों तक दिल्ली एवं हरियाणा जमाअत के प्रादेशिक अमीर थे। डॉ रफत जमाअत के केंद्रीय सलाहकार परिषद के सदस्य और सेंटर फॉर स्टडीज़ एण्ड रिसर्च के निदेशक थे। निति-निर्माण, नए संस्थानों और संबद्ध संगठनों की स्थापना के लिए जमाअत की कई महत्वपूर्ण समितियों की अध्यक्षता के अलावा वह मासिक पत्रिका 'ज़िंदगी नौ' के पूर्व संपादक भी थे। उनके निधन पर जमाअत इस्लामी हिन्द के अमीर (अध्यक्ष) सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने दुख और शोक व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ का निधन विशेषकर मुस्लिम समुदाय के लिए बड़ी क्षति है। वह एक दार्शनिक और एक महान नेता थे। वह सामाजिक और साधारण प्रवृति के व्यक्ति थे। डॉ रफत जामिया विष्वविद्यालय में सैद्धांतिक भौतिकी के शिक्षक थे। उन्होंने विज्ञान और दर्शन के मूल स्त्रोत का सीधा अध्ययन किया। उनके वारिसों में पत्नी के अतिरिक्त पांच बच्चे हैं। उनकी पत्नी जमाअत इस्लामी हिन्द के पूर्व अध्यक्ष (अमीर) मौलाना सैयद जलालुद्दीन उमरी की पुत्री हैं।

द्वारा जारी
मीडिया प्रभाग, जमाअत इस्लामी हिन्द